प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1994 दिनांक:20मई, 2025

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेष,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के प्रथम चरण की लिखित परीक्षायें सम्पन्न होने के उपरान्त **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें** निम्न तालिका में निर्धारित कार्यक्रम के आयोजित कराई जायेगीः

| REGULAR & COP Practical Exam Dates (During May& June.2025 Even Sem Phase-I) Session 2024-25 | | | |
|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **COURSE** | **FINAL YEAR FINAL SEMESTER (Dates : 24 May, 2025 to 05 June, 2025)** | **PRE FINAL YEAR (Dates: 09 to 18 June, 2025)** |
| 1 | B. TECH | 8th | 6th |
| 2 | B.F.A B.F.A.D & BHMCT | 8th | 4th & 6th |
| 3 | B. PHARM | 7th & 8th | 5th & 6th |
| 4 | B.VOC | 6th | 4th |
| 5 | MCA-INT, MBA-INT, M.Tech-INT, B.ARCH | 10th | 4th, 6th & 8th |
| 6 | MURP, MCA & MBA (ALL) | 4th | N.A. |

उपरोक्तानुसार प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों (शिक्षकों) की डयूटी की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लॉगिन में भी अपलोड कराई जायेगी तथा उक्त के संबंध में सम्बन्धित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर छात्रहित में प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा विश्वविद्यालय के नियमों तथा संबधित गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको को ऑन-लाइन ई0आर0पी0 पोर्टल पर निर्धारित समय तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ परीक्षा संबंधित समस्त प्राप्तांकों एवं दस्तावेजो/प्रपत्रों को विधिवत सुरक्षित रखे, ताकि विश्वविद्यालय में समय-समय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सकें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित कराना है कि उल्लेखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के संस्थान स्तर से दिये जाने वाले **आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional)** को ऑन-लाइन के माध्यम से **दिनांक 24 मई, 2025 से दिनांक 05 जून, 2025 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल ससमय खोल दिया जायेगा तदोपरान्त अपलोड/प्रेषित किये गये आतंरित अंकों की **हस्ताक्षरित हार्ड कापी स्पाइरल बाइन्डिंग** के साथ प्रत्येक दशा **दिनांक 10 जून, 2025 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। उक्त के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा/समस्या की दशा में ई-मेल आई0डी0 **dcoe_b@aktu.ac.in** पर सम्पर्क करें।

भवदीय

Deepak Nagaria
20/05/2025

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक